धनबाद, शुक्रवार
15 जुलाई 2022
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14
www.jagran.com

# दैनिक जागरण

प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



सरकार को मुद्दों के तीर से घायल करेगा विपक्ष 11

कोहली और बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-सीरीज से आराम, अश्विन की वापसी 10

## डीपीएस के आरडी शर्मा को मिला प्रिंसिपल आफ द ईयर अवार्ड



आरडी शर्मा को अवार्ड देते संस्था के पदाधिकारी • जागरण

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा को यूनिवर्सल मेंटर्स एसोसिएशन नामक संस्था ने प्रिंसिपल आफ द ईयर 2022 अवार्ड से सम्मानित किया। आठ जुलाई को दिल्ली के एक होटल में आयोजित ऐडू लीडर्स समिट में देश-विदेश के लगभग 500 शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। समिट के दौरान शिक्षा से संबंधित विभिन्न ज्वलंत विषयों पर चर्चा, गोष्ठी, परिचर्चा तथा व्यक्तिगत विचार प्रस्तुत किया गया। इसमें वैचारिक मौलिकता, नवीन शिक्षा नीति का व्यावहारिक क्रियान्वयन व उपयोगिता है। प्रिंसिपल आफ द ईयर अवार्ड के लिए देश-विदेश के एक हजार से भी अधिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों ने नामांकन किया था। इसमें 100 प्रधानाचार्यों को अवार्ड के लिए चुना गया। इसमें आरडी शर्मा का नाम शामिल था। अवार्ड मिलने पर स्कूल के समस्त अध्यापकों, कार्यालय कर्मियों ने प्रधानाचार्य को बधाई दी। दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो वाइस चेयरमैन प्रतीक गोयनका ने भी प्रधानाचार्य को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। आरडी शर्मा ने कहा कि उनके जीवन का उद्देश्य ही शिक्षा को जीवनोपयोगी तथा व्यावहारिक रूप देना है, जिसके लिए वह आजीवन प्रयासरत रहेंगे।